मौसम

तापमान	गाजियाबाद	कानपुर	वाराणसी	झांसी
अधिकतम	31.0	32.0	33.0	31.0
न्यूनतम	27.0	27.0	27.0	26.0

जनसत्ता | 12 अगस्त, 2024

प्रदेश सरकार की युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना

हर घर की छत पर सौर पैनल लगाएंगे 30 हजार 'सूर्य मित्र'

लखनऊ, 11 अगस्त (भाषा)।

उत्तर प्रदेश सरकार ने हर घर की छत पर सौर पैनल लगाने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए 30,000 युवाओं को 'सूर्य मित्र' के रूप में प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। राज्य में पिछले साल फरवरी में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' की शुरुआत की गई। इस योजना का लक्ष्य देशभर में एक करोड़ सौर छतें स्थापित करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में 25 लाख से अधिक सौर छतें स्थापित की हैं। उत्तर प्रदेश

प्रदेश में 3,000 से अधिक युवाओं ने सौर परियोजनाओं के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। यह प्रशिक्षण राज्य के हर घर में सौर पैनल लगाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए एक ठोस प्रयास है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीएनईडीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हर घर में सौर पैनल लगाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की जरूरत होगी। अधिकारी ने कहा कि इसके लिए राज्य एजेंसी ने जिला केंद्रों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 30,000 सूर्य मित्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस कुशल जनशक्ति को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन ने एक योजना की रूपरेखा तैयार की है। उत्तर प्रदेश में 3,000 से अधिक युवाओं ने सौर परियोजनाओं के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। यह प्रशिक्षण राज्य के हर घर में सौर पैनल लगाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को तेजी से हासिल करने के लिए एक ठोस प्रयास है। तीन महीने के सूर्य मित्र कार्यक्रम में 600 घंटे का व्यापक प्रशिक्षण शामिल है।

जनसत्ता Mon, 12 August 2024
https://epaper.jansatta.com/c/75630174